## संक्षिप्त

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**उदयपुर, (कासं)।** कृपा फाउंडेशन द्वारा जोडा बावजी मैदान, भुवाणा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों भागीदारी निभाई और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।कृपा फाउंडेशन के संस्थापक गगनदीप कौर, हरलीन गंभीर और मनमोहन सिंह ने बताया कि ग्रीन इनिशिएटिव के तहत 50 पेड जोडा बावजी ग्राउंड में लगाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोडा बावजी नवयुवक मंडल भुवाणा के समस्त सदस्यों तथा स्थानीय बच्चों का विशेष सहयोग रहा।। इस मौके पर फाउंडेशन के कार्यकर्ता पूजा रावल, आरुष गंभीर कैलाश पंवार, कुसुम ,दिव्यांश बृजवानी , महेंद्र माली तथा जोडा बावजी नवयुवक मंडल भुवाणा के खेमराज , शंकर मुकेश ने भी अपनी टीम के साथ मुख्य रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### बस ने बाइक सवार को कुचला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में निजी बस ने बाइक सवार को कूचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में बुधवार सांय निजी बस ने मनवाखेड़ा रोड पर बाइक सवार महावतवाड़ी निवासी मोहसिन पुत्र सिराज को कूचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं जिले के पानरवा थाना क्षैत्र विरोठी गांव निवासी नानीबाई पत्नी रणजीतसिंह राजपूत की गुरूवार को अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी धनपतसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

### रियल लाइफ हीरोज का सम्मान

**उदयपुर, (कासं)।**गीतांजली हॉस्पिटल, राजस्थान परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग तथा आधार फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हाल ही में स्व. नर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुड समेरिटन अवॉर्ड्स उन जागरूक नागरिकों को प्रदान किए गए जिन्होंने सडक दुर्घटनाओं में घायलों की मदद कर मानवता का परिचय दिया।

# स्मार्ट मीटर व बिजली के निजीकरण के विरोध में किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में बिजली उपभोग के स्मार्ट मीटर लगाने के बहाने बिजली विभाग को अडानी विभाग करने की तैयारी की जा रही है।

यह विचार भाकपा (माले) के राज्य सचिव शंकर लाल चौधरी ने पटेल सर्कल, उदयपुर स्थित अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय पर स्मार्ट मीटर लगाने एवं बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा में व्यक्त किए। चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की हर संपदा संपत्ति को एक.एक करके अपने मित्र अडानी और अंबानी को बेच रहे हैं, जिससे जाहिर होता है कि उन्होंने अडानी अंबानी को देश की जनता को लूटने का लाइसेंस दे दिया है लेकिन देश की जनता इस लूट को बर्दाश्त नहीं करेगी।

सभा को माकपा जिला सचिव और पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी ने कहा कि बिजली अधिनियम, 2003 में यह स्पष्ट प्रावधान है कि बिजली उपभोग का मीटर उपभोक्ता की सहमति से ही बदला जाएगा लेकिन इस कानून की अवहेलना कर गुंडागर्दी के दम पर स्मार्ट मीटर जबरदस्ती लाकर कानून के राज की जगह जंगलराज कायम किया जा रहा है। सभा की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ लेखक और साहित्यकार डॉ.कुसुम मेघवाल ने कहा कि सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर के विरोध पर जनता को गुमराह करने के लिए यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर को विशेष परिस्थिति में ही लगाया जाएगा, लेकिन हम जानते हैं कि सरकार की नीति तो क्या नियत ही खराब है । इसलिए जब तक स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को निरस्त नहीं किया जाता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा । एक्ट के सचिव सौरभ नरुका ने कहा कि स्मार्ट मीटर लाने मे मात्र भाजपा ही दोषी नहीं है, इसमें कांग्रेस पार्टी भी की पूर्व अशोक गहलोत की सरकार भी शामिल है जिन्होंने राजस्थान में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अडानी की जीनस कंपनी को 10000करोड रुपए में ठेका दिया था। माकपा पार्षद राजेंद्र वसीटा ने कहा कि आज तक मीटर बदलने पर नया मीटर लगाने का कोई शुल्क उपभोक्ता से नहीं लिया जाता था, लेकिन स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ता से 8 से 10000 रुपये वसूलना तय किया है। सभा में पूर्व पार्षद गणपति देवी सालवी ने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार निजीकरण के नाम पर धीरे धीरे देश को निजी कंपनियों को दे रही है जिससे महिलाओं पर भारी संकट पैदा हो गया है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं भी इस संघर्ष में दूर नहीं रहेगी।सभा को संबोधित करते हुए माकपा सचिव मंडल सदस्य गुमान सिंह राव ने कहा कि राजस्थान में बिजली उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने से आम जनता विशेष कर गरीब, मजदूर, किसान, निम्न वर्ग के उपभोक्ता अत्यधिक प्रभावित होंगे । इस अवसर पर एपवा की डॉ.फरहत बानो, माकपा माछला मंगरा शाखा के सचिव अमजद शेख, नौजवान सभा के पूर्व जिला सचिव अनिल पनोर, निर्माण मजदूर एकता यूनियन के अध्यक्ष शमशेर खान, सचिव जावेद खान, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सभा के अंत में डॉ कुसुम मेघवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम पर ज्ञापन देकर स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को तत्काल निरस्त कर जहां पर स्मार्ट मीटर लगाए गए उन सभी को बदलकर पुराने ही मीटर लगाने,स्मार्ट मीटर लगाने की बजाय सरकार ग्रामीण क्षेत्रों व किसानों को नियमित पर्याप्त बिजली आपूर्ति कर उस पर ध्यान देने,तत्काल गरीब और वंचित वर्ग के उपभोक्ताओं के बिजली बिल में बार.बार हो रही अनियमिताओं का समय बद्ध समाधान कर जनता को राहत दिलाने की मांग की गई।

### सहायता सामग्री दी

**राजसमंद, (निसं)।** आनंदमार्ग सेवा दल सदस्यों ने राडाजी बावजी के अनन्य भक्त के सौजन्य से समीपवर्ती मोही गांव में असहाय वृद्धा के परिवार को सहायता सामग्री प्रदान की। सेवादल सदस्य अनुपम खिलनानी व आनन्दमयी ने मोही में मोहनी बाई के घर पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी एवं परिवार के लिए राशन सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था सदस्य आनन्दमयी ने बताया कि संस्था के माध्यम से इस परिवार को यह सहायता पिछले कई महीनों से अनवरत रूप से दी जा रही है तथा परिवार वालों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में भी यह व्यवस्था सुचारु रूप से जारी रहेगी।

# पेसिफिक में संगोष्ठी व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**उदयपुर,(कासं)।** पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में शनिवार, को किप यूओर माइंड हेप्पी एण्ड हेल्दी विषय पर संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के अध्यक्ष प्रो. हेमंत कोठारी ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में सकारात्मक सोच और आत्म-संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध विशेषज्ञ प्रो. रक्षित अमेटा ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को संबोधित किया।

उन्होंने मन को प्रसन्न एवं स्वस्थ रखने के उपाय बताते हुए कहा कि नियमित व्यायाम, ध्यान, संतुलित आहार और आत्म-नियंत्रण ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के चेयरमैन प्रो. दिलेंद्र हीरन ने विचार रखे।

संगोष्ठी के पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल डॉ. देवनीता पॉली, डॉ. हिमानी दशोरा एवं हिमांशु चपलोत ने किया। परिणाम इस प्रकार रहे। प्रथम स्थान पर रोनक अमेटा एवं प्रिंस कुशवाहा, द्वितीय स्थान लक्षिता वैष्णव एवं शिल्पा नायक,तृतीय स्थान खुशी सोलंकी एवं कृष्णा जैन रही।

# नालियों के अभाव में गंदा पानी सड़कों पर फैलने से राहगीर परेशान

**भीम, (निसं)।** नगर पालिका का मास्टर ड्रेनेज और सीवरेज प्लान पूर्णतया लागू नहीं होने से भीम कस्बे का ड्रेनेज सीवरेज मास्टर प्लान की बदहाली के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नालियों के अभाव में गंदा पानी सड़कों पर फैलने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग ने भीम नगर पालिका में मास्टर प्लान को लेकर कोई भी काम नहीं किया है। नतीजा, बारिश के पानी से सड़कें लबालब होती रही तो ओवरफ्लो सीवरेज लाइन टूटती है। ड्रेनेज प्लान के अनुसार काम नहीं हुआ। नगर पालिका एरिया में जल भराव की समस्या ऐसी बदहाल सड़क सुधार ,ड्रेनेज और सीवरेज का मास्टर प्लान बनाने की जरूरत है।मौजूदा सीवर लाइन में फ्लो अपेक्षा से ज्यादा है। बारिश का पानी भी इस लाइन में भी जा रहा है। इससे आए दिन सीवर लाइन फटने की घटना सामने आती रही है। इनके पाइप और अन्य संसाधनों की क्षमता बढ़ानी जरूरी है। बेतरतीब तरीके से ड्रेनेज सिस्टम तैयार करने से कहीं लेवल में अंतर है तो कहीं एक हिस्से को दूसरे जोड़ने का मैकेनिज्म ही नहीं। अभी जो ड्रेनेज सिस्टम है, ज्यादातर कचरे से अटी हुई हैं। सफाई का टेंडर समय पर नहीं होने से सफाई नहीं हो पाती।

### चहुंओर लोकनृत्य गवरी की धूम

**उदयपुर, (कासं)।** संपूर्ण मेवाड अंचल इन दिनों लोकनृत्य गवरी की रंगीन छटा से सराबोर है। भगवान शिव के प्रिय इस लोकनृत्य में भील समाज के कलाकार परंपरागत वाद्य मादल और थाली की ताल पर घूंघरू की झनकार के साथ महादेव से जुडे कथानकों का जीवंत मंचन कर रहे हैं। युवा समाजसेवी सुनिल व्यास ने बताया कि मान्यता है कि जिस गांव में गवरी का व्रत लिया जाता है, वहां की विवाहित बहन-बेटियों के घर जाकर गवरी नृत्य का आयोजन किया जाता है।

# अवैध डोडा चुरा से भरी कार जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान सत्तर लाख रूपये के अवैध डोडो चूरे से भरी कार जब्त प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर थानाधिकारी किशोरसिंह शक्तावत के नेतृत्व में एएसआई बद्रीलाल मय टीम ने बरवाड़ा पुलिया के पास नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान आई कार के चालक को रूकने का इशारा किया तो वह कार लेकर भागने लगा। इसको देख ब्रेक स्टीम फैंक टायर बस्ट किया।

# पिम्स में बच्ची के गुर्दे की सफल सर्जरी

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने बच्ची के गुर्दे में पथरी की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की है।

पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि उदयपुर निवासी 12 वर्षीय बच्ची को कई महीनों से पेट दर्द की शिकायत थी। परिजनों ने कई जगह उपचार कराया लेकिन बच्ची को कोई राहत नहीं मिली। गत दिनों परिजन बच्ची को पिम्स हॉस्पिटल में लेकर आए। यहां जांचों में पता चला कि बच्ची के दाएं गुर्दे में अनेक बडी पथरियां हैं और एक बडे आकार की पथरी ने पेशाब का रास्ता पूरा रोक रखा है। इसके चलते गुर्दे को काफी नुकसान हो चुका था। डॉ. मिश्रा ने बताया कि लगभग तीन घंटे चले ऑपरेशन में गुर्दे में पाइलोलिथोटोमी व नेफ्रोलिथोटोमी दोनों प्रक्रिया कर सभी पथरियां निकाल दी गई व गुर्दा बचा लिया गया। इस तरह का ऑपरेशन अधिकतर दूरबीन प्रक्रिया से किया जाता है ।

# पर्यावरण व सतत विकास विषय पर संगोष्ठा

**उदयपुर, (कासं)।** प्रकृति एवं वृक्षरक्षक अमृता देवी विश्नोई के बलिदान दिवस पर गुरूवार को राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, भारतीय मजदूर संघ एवं राष्ट्र मंथन के संयुक्त तत्वावधान में प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में पर्यावरण एवं सतत विकास विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्य मय पंड्या, मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, सेवा निवृत ले. जनरल एनके सिंह, आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत, सीनेट सदस्य गजेन्द्र भटट्, अधिवक्ता रमन कुमार सुद ने किया।

समारोह में अतिथि द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रो. एम.जी. वाष्णेय को 2025, डॉ. अनिल मेहता को 2024 का अमृता देवी पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार से नवाजा गया, जिसके तहत इन्हे शॉल, उपरणा, पगड़ी, प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि दी गई। डॉ. मेहता ने नकद राशि पुनः विद्यापीठ के विकास के लिए दान कर दी। इस मौके पर डॉ. विजय प्रकाश विप्लवी को उनकी पुस्तक पत्रकार दिनदयाल उपाध्याय के प्रकाशन पर पगडी, उपरणा, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता हिरण्य मय पंड्या ने कहा कि आज ही के दिन 1730 में प्रकृति एवं वृक्षरक्षक के लिए अमृता देवी ने अपनी तीन पुत्रियों व 362 अन्य स्त्री पुरूषों के साथ अपना बलिदान दे दिया। भारतीय मजदूर संघ पिछले 63 वर्षो से इस दिवस को पूरे देश में पर्यावरण दिवस के रूप में मना रहा है। पण्ड्या ने अपने संबोधन में ग्लोबल वार्मिंग के कारणों और प्रभावों , ओजोन परत के विघटन पर बोलते हुए कार्बन क्रेडिट को रेखांकित किया। उन्होंने दैनिक जीवन में काम में आने वाले तरीकों द्वारा जाने अनजाने प्राकृतिक संतुलन को बिगड़ देते हैं । उसमें जागरूकता के माध्यम अपनी त्रुटियों को सुधार के प्रयासों की आवश्यकता बताई। कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने कहा कि विकास आज की आवश्यकता है किंतु वर्तमान पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को संरक्षित रखना बहुत बड़ी चुनौति है। आर्थिक ,सामाजिक और पर्यावरणीय विकास में सामंजस्य स्थापित करके ही सतत विकास के लिए एक आधार बना सकता है। प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना जीवन देने वाली अमृता देवी एवं सभी शहीदों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। विविगिरी लेबर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर गजेंद्र भट्ट पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए सभी से पौधारोपण करने का संकल्प करने की बात कही। राष्ट्रीय संगोष्ठी को समबोधित राष्ट्र मंथन के ले. जनरल एम के सिंह ने वायु प्रदूषण के कारण और निवारण में आम जनमानस की भूमिका और सरकारी स्तर के कार्यों को रेखांकित किया।

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर

क्रमांक :-प.( )लेखा/आब/2025-26/10660 दिनांक:- 28.08.2025

**खुली निविदा आंमत्रण सूचना ( 01/2025-26 )**

ईच्छुक बोलीदाताओं से 07 कम्प्यूटर ऑपरेटर (मेन विथ मशीन) लगाये जाने हेतु पंजीकृत फर्म से दिनांक 03.09.2025 तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली आंमत्रण सूचना एवं बोली दस्तावेज SPPP वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in और विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

**UBN No.EXC2526SSOB00114**

जिला आबकारी अधिकारी
उदयपुर

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1548 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री बालुराम पिता श्री श्री गणेशलालजी प्रजापत निवासी-गवारड़ी, तहसील रेलमगरा (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 10 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़, हाईवे रोड, फतहनगर सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 11 | भूखण्ड संख्या 09 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड सख्या 17 | 394 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़**

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1554 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री विष्णु शर्मा पिता श्री गोतमलाल जी शर्मा निवासी-शिवसिंह जी का खेड़ा, तह. मावली, (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 1C त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़, हाईवे रोड, फतहनगर सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 1B | अन्य कृषि भूमि | आम रास्ता 200 फीट | अन्य कृषि भूमि | 394 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़**

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1550 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री रवि कुमार सोनी पिता श्री छोटूलालजी सोनी निवासी-फतहनगर, तहसील-मावली, (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 3B त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 04-A | भूखण्ड संख्या 05-A | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05-B | 330 |
| | | भूखण्ड संख्या-2A त्रिमूर्ति ।। उदयपुर-चित्तौड़गढ़, हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 05-B | भूखण्ड संख्या 02-B | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05-B | 330 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़**

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1551 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री प्रकाश जाट पिता श्री भगवान लाल जी जाट निवासी-मोरठ, तहसील मावली, (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 5A त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 3-A | भूखण्ड संख्या 01-A | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05-B | 330 |
| | | भूखण्ड संख्या-1A त्रिमूर्ति ।। उदयपुर-चित्तौड़गढ़, हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 02 | भूखण्ड संख्या 1-B | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05 | 298 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़**

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1553 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री विजय कुमार शर्मा पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद जी शर्मा निवासी-वार्ड नं. 20 फतहनगर, तह. मावली (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 3A त्रिमूर्ति आवासीय योजना उदयपुर-चित्तौड़गढ़, हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 04-A | भूखण्ड संख्या 30-B | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05-B | 330 |
| | | भूखण्ड संख्या-1B त्रिमूर्ति ।। उदयपुर-चित्तौड़गढ़, हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 1-A | भूखण्ड संख्या 1-C | आम रास्ता 200 फीट | अन्य कृषि भूमि | 240 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़**

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1547 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री दीपेश खमेसरा पिता श्री रोशनलालजी खमेसरा निवासी-सेक्टर-4 उदयपुर तहसील उदयपुर (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 01 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़, हाईवे रोड, फतहनगर सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 02 | भूखण्ड संख्या 28 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | Facility Area | 315 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़**

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1549 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री दामोदर प्रजापत पिता श्री गणेशलालजी प्रजापत निवासी-गवारड़ी, तहसील रेलमगरा (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 11 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़, हाईवे रोड, फतहनगर सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 12 | भूखण्ड संख्या 10 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड सख्या 16 व 17 | 394 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़**